सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -१ | अंक -४ | ०८/०४/२०२४ | पृष्ठ -४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## कंगना रणोत ने बताया नेताजी को भारत का पहला पीएम , बॉस के पोते ने कहा इतिहास न बिगेडे कंगना l

राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए कोई भी इतिहास के साथ छेड़छाड़ ना करें। बॉस के पोते ।



बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भारत का पहला प्रधानमंत्री कहा है। उनकी इस पोस्ट को देखकर नेताज़ी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस भड़क गए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए कोई भी इतिहास के साथ छेड़छाड़ ना करें।चंद्र कुमार बोस ने लिखा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक राजनीतिक विचारक, सैनिक, राजनेता, दूरदर्शी और अविभाजित भारत के पहले प्रधान मंत्री थे। एकमात्र नेता जो भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए भारतीय के रूप में सभी समुदायों को एकजुट कर सकते थे। नेता के प्रति वास्तविक सम्मान उनकी समावेशी विचारधारा का पालन करना होगा।चंद्र कुमार ने लिखा– नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक राजनीतिक विचारक, सैनिक, स्टेट्समैन, दूरदर्शी और अविभाजित भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। वह इकलौते ऐसे नेता थे, जाभारत की आजादी के लिए लड़ने के लिए भारत के सभी समुदायों को एकजुट कर सकते थे। नेताजी के प्रति वास्तविक सम्मान उनकी विचारधारा को फॉलो करना होगा। चंद्र ने ये भी लिखा कि महत्वाकांक्षाओं के लिए इतिहास को मत बिगाड़िए।


> मैंने आपातकाल नामक एक फिल्म लिखी है, अभिनय किया है, निर्देशित किया है। यह फिल्म मुख्य रूप से नेहरू परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, इसलिए कृपया कोई मैन्सप्लेनिंग न करें -कंगना-

## कॉंग्रेस को ३७० हटने का दुख , जाँच एजेन्सीयो पर हमले करवाती है टीएमसी ।

**प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिम बंगाल मे रेली कर कॉंग्रेस टीएमसी पर निशाना साधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। 30 मिनट की स्पीच में पीएम ने टीएमसी कांग्रेस और भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधा

मोदी ने कहा– उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है।




मोदी ने कहा– यहां जब केंद्र की जाचं एजेंसियां आती हैं तो टीमएसी उन पर हमले करती है और संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है।

प्रधानमंत्री 3 दिन में दूसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे। इससे पहले 4 अप्रैल को उन्होंने कूचबिहार में रैली की थी। इसी दिन ममता बनर्जी ने भी कूचबिहार में ही रैली की थी।

पीएम ने कहा था– संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ नेताओ का उपवास रामलीला मैदान मे जुटेंगे कार्यकर्ता

तानाशाह का खिलाफ पुरा देश एकजुट - पार्टी कार्यकर्ता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता आज रविवार को देशभर में उपवास करने वाले हैं। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर मंतर पर सुबह 10 बजे उपवास के लिए पहुंचेंगे। वहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी कार्यकर्ता उपवास कर विरोध जताएंगे। आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट में कहा– तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे के लिए आवाज उठाएं। इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता पीएम आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें हरासत में ले लिया गया

## माता पिता की तलाश मे भारत आई स्वीडिश महिला

नागपुर में जन्मीं स्वीडिश जोडे ने लिया गोद



स्वीडन की पेट्रीसिया एरिक्सन भारत में अपने बायोलॉजिकल पैरेंट्स की तलाश कर रही हैं। पेट्रीसिया फरवरी 1983 में नागपुर में पैदा हुई थीं, लेकिन उनके माता–पिता ने उन्हें छोड़ दिया था। करीब साल भर बाद 1 स्वीडिश जोड़े ने उन्हें गोद ले लिया। पेट्रीसिया बताती हैं कि वे छह साल की थीं। स्कूल में बच्चे बात करते थे कि उनकी नाक उनकी मां जैसी है, उनके बाल पिता के जैसे हैं। लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाती थीं क्योंकि वकिसी के जैसी नहीं दिखती थीं। उसके बाद धीरे–धीरे उनके मन में अपनी बायोलॉजिकल मां को ढूंढ़ने का खयाल आने लगा। पेट्रीसिया दूसरी बार नागपुर आई हैं। अगेंस्ट चाइल्ड ट्रैफकिंग से जुड़ी एडवोकेट अंजली पवार इस तलाश में उनकी मदद कर रही हैं।ये पहली बार नहीं है कि एक विदेशी नागरिक अपने बायोलॉजिकल पैरेंट्स को ढूंढ़ने भारत आया है। पिछले साल दिसंबर में एक स्विस महिला विद्या फिलिपोन भी अपनी बायोलॉजिकल मदर को ढूंढ़ने मुंबई आईं थीं। फिलिपोन फरवरी 1996 में जन्मीं थीं।

उनकी मां ने उन्हें मिशनरीज ऑफ चौरिटी में छोड़ दिया था। 1997 में एक स्विस जोड़े ने गोद ले लिया था।

## हर गरीब महिला को सालाना एक लाख देंगे राहुल बोले

राहुल गांधी ने शनिवार 6 अप्रैल को हैदराबाद में सभा की। उन्होंने कहा मोदी सरकार के आने के बाद लोग फिर से गरीबी में घुस गए हैं। इसलिए हम नारी न्याय कानून लाएंगे, जिसमें हर गरीब परिवार की महिला के बैंक अकाउंट में साल में एक लाख रुपए डाले जाएंगे।ये क्रांतिकारी योजना है, जो देश का चेहरा बदल देगी।आप सोचिए, हिंदुस्तान के सबसे गरीब परिवारों को कम से कम एक लाख रुपया कांग्रेस पार्टी की सरकार देने जा रही है। इसका मतलब ये हुआ कि हिंदुस्तान में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा, जिसकी आदमी एक लाख रुपए साल नहीं होगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राज्यसभा से रिटायर

आपके ज्ञान की कमी खलेगी, ये एक युग का अंत खड़्गे



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व्हीलचेयर पर 7 अगस्त 2023 को राज्यसभा पहुंचे थे। उन्होंने दिल्ली सर्विसेज बिल को लेकर वोटिंग में हिस्सा लिया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 33 साल बाद आज राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। वे 1991 में सबअसे पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। छठी और आखिरी बार वे 2019 में राजस्थान से राज्यसभा सांसद बने मनमोहन सिंह के रिटायरमेंट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें खत लिखा। इसमें उन्होंने कहा– अब आप सक्रिय राजनीति में नहीं होंगे, लेकिन आपकी आवाज जनता के लिए लगातार उठती रहेगी। संसद को आपके ज्ञान और अनुभव की कमी खलेगी। राज्यसभा से कुल 54 सांसदों का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को सदन से रिटायर हुए। मनमोहन सिंह समेत 5 सांसदों का कार्यकाल आज (3 अप्रैल) खत्म हो रहा है। इन 54 सांसदों में 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। मनमोहन सिंह की जगह अब कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंचेंगी। 20 फरवरी को उन्हें राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था।

## बॉक्सर विजेन्द्र सिंह कॉंग्रेस छोड बीजेपी में ।

हरियाणा के भिवानी में रहने वाले ओलिंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह बुधवार को कांग्रेस को छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। विजेंदर 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें साउथ दिल्ली से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वे हार गए थे।विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं। ऐसे में वे लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी, राजस्थान और हरियाणा की सीटों पर असर डाल सकते हैं। उन्होंने 2008 बीजिंग



ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। एशियन गेम्स में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।भाजपा में शामिल होने के बाद विजेंदर ने कहा– मैं विकास और देश की तरक्की के लिए भाजपा से जुड़ा हूं। मैं चाहता हूं कि लोगों का भला करू।

## नेपाल बॉर्डर पर दो पाकिस्तानी ओर एक पीओके कश्मीरी गिरफ्तार

सोनौली बॉर्डर से नेपाल मे कर रहे थे प्रवेश एटीएस ने पकडा




भारत–नेपाल बॉर्डर पर 2 पाकिस्तानी और 1 कश्मीरी युवक को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार रात तीनों बस से इंडिया से नेपाल जा रहे थे। इमिग्रेशन अफसरों ने महराजगंज जिले के सोनौली बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान तीनों को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों की पहचान अल्ताफ निवासी पाक अधिकृत कश्मीर और सैयद गजनी मोहम्मद निवासीलरकाना पाकिस्तान और नासिर जमाल करालपोल श्रीनगर के रूप में हुई है।इमिग्रेशन अफसरोंने पाकिस्तानीयुवकों से 2पाकिस्तानी पासपोर्ट और कश्मीरी युवक से आधार कार्ड बरामद किए हैं। अफसरों से छुप रहे थे, शक होने पर पकड़ा इसके बाद अफसरों ने तीनों को हिरासतमें ले लिया। डॉक्यूमेंट्स चेककिए,तो 2 पाकिस्तानी और 1 कश्मीरी युवक निकला। इसके बाद अफसरों ने इसकी सूचना पर एटीएस के अफसर पहुंचे और तीनों को लखनऊ ले आए।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



## वेतन भुगतान में नीमच रहा चौथी बार टॉप पर

नीमच 5 अप्रैल 2024, आयुक्त कोष एवं लेखा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्ग दर्शन में जिला कोषालय नीमच द्वारा जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत के विशेष प्रयासों से नीमच जिला अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय सेवकों के वेतन भुगतान में लगातार चौथी बार प्रदेश में नंबर वन रहा है।विभाग द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार नीमच जिला मार्च 2024 पेड इन अप्रैल 2024 के वेतन भुगतान में प्रदेश में नंबर एक पर रहा है। इसके पहले भी लगातार गत तीन महीनो से नीमच जिला प्रदेश में वेतन भुगतान के मामले में अव्वल रहा है। इस तरह नीमच जिले को यह चौथी बार लगातार उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री सुरावत ने अधिनस्थ स्टाफ एवं सभी आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए, उनका आभार व्यक्त किया है।

## पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता के तहत जिले मे चलाया जागरूकता अभियान



नीमच 5 अप्रैल 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में 8 से 25 अप्रैल 2024 तक जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इसके लिए तिथिवार केलेण्डर निर्धारित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 8 अप्रैल सोमवार को पर्यावरण सरंक्षण एवं ऊर्जा बचत के लिए , पेट्रेल, डीजल वाहनों का उपयोग नही करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारी साईकिल से अपने कार्यस्थल पर पहुचेगें अथवा कार पुलिंग करेगें। शुक्रवार 12 अप्रैल शुक्रवार को सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों में नान एसी, कूलर डे रहेगा और एसी, कूलर का उपयोग नही किया जायेगा । इसके लिए आमजनों को भी प्रेरित किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत का एनर्जी ऑडीट भी करवाया जायेगा। सोमवार 15 अप्रैल को जिले की सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में मटके का पानी पेयजल हेतु आमजनों को प्रेरित किया जायेगाऔर मटकों का वितरण भी किया जायेगा। मंगलवार 16 अप्रैल को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं सभी कॉलेजों एंव शालाओं में आयोजित की जायेगी। गुरूवार 18 अप्रैल को आमजनों को कपड़े की थैलियों का वितरण भी किया जायेगा एंव नगरीय क्षेत्रों में कपड़े की थैलियों के लिए वेडिंग मशीन लगाई जायेगी इसी तरह शुक्रवार 19 अप्रैल को दानदाताओं को प्रेरित कर पुराने कपडों एंव किताबों का संग्रह किया जायेगा। सोमवार 22 अप्रैल को सभी नगरीय एंव ग्रामीण क्षैत्रों में पक्षियों को पानी पीने की व्यवस्था करने हेतु साकोरों का वितरण कर, सकोरों लगाये जायेगें। मंगलवार 23 अप्रैल को सभी नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों में प्रातरू 6 से 11 बजे तक प्रतिवार्ड , प्रति पंचायत 10 किलों ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित की जायेगी और प्रातरू 11 से 2 बजे तक जनपद एंव नगरीय निकायों में जमा करवाई जायेगी। तथा शाम 5 बजे तक एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक को नगर पालिका नीमच के ट्रेचिंग ग्रांउण्ड में उपलब्ध कराया जावेगा।

## जावद के युवाओं को मतदान की शपथ दिलाई



नीमच 5 अप्रैल 2024, कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवाओ में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु खेल, रस्सा कशी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान की शपथ दिलाई। खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वधान मे छात्र–छात्राओं को मतदान का महत्व बताया और मतदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

## सीएम राइस स्कूल की छात्राओं ने निकाली रैली

शहर के दशहरा मैदान के समीप स्थित शासकीय सीएम राइस स्कूल की ओर से बुधवार को एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत स्कूली छात्राओं ने शहर के प्रमुख मार्गो से मतदाता जागरूकता रैली निकाली।यह रैली सीएम राइस स्कूल से प्रारंभ हुई, जो राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम, एसबीआई बैंक, विजय टॉकीज चौराहा सहित प्रमुख मार्गो से होती हुई फिर से सीएम राइस स्कूल पर संपन्न हुई। जहां मतदाता जागरूकता का संदेश सभी को दिया गया।

वहीं रैली मे शामिल छात्राएं मतदाता जागरूकता से जुड़े हुए सन्देश की तख्तियां हाथों में लेकर रेलीमे दिखाई दी। वहीं इस संबंध में नारे भी छात्राओं ने लगाए। गौरतलब है कि नीमच मंदसौर संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। ( डीबी एप्प के सौजन्य से )

## सी-विजिल मोबाइल एप से करे चुनाव संबंधी शिकायत

नीमच 5 अप्रैल 2024, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रियाओं को पारदर्शी और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में मोबाईल एप सी–विजिल उपयोग किया जा रहा है। इस मोबाइल एप का उपयोग विभिन्न चुनावों में किया जा चुका है। इसके अच्छें परिणामों को देखते हुए मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 में भी इस मोबाइल एप का उपयोग किया जायेगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने बताया कि सी–विजिल मोबाईल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गोपनीय तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करने वाली गतिविधियों, आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना, फोटो एवं वीडियो के साथ बिना अपनी पहचान उजागर किये प्रेषित कर सकेगा। यह एप सिर्फ आदर्श आचरण संहिता लागू होने की अवधि में ही सक्रिय रहेगा। सी–विजिल मोबाईल एप एक नई प्रणाली है।

## ३ बर्तन व्यापारियों से २० लाख रुपए से ज्यादा टैक्स व पेनल्टी जमा कराई




जीएसटी चोरी की आंशका में एसजीएसटी इंदौर की स्पेशल विंग–बी द्वारा शहर में सोमवार को बर्तन कारोबार से जुड़ी 3 दुकानों पर कार्रवाई की गई थी। मंगलवार तक चली कार्रवाई के दौरान टीम को तीनों फर्मों से खरीद–फरोख्त सहित अन्य दस्तावेज में टैक्स चोरी पकड़ाई है। सूत्रों के अनुसार टीम ने इन फर्मो से 20 लाख रुपए से ज्यादा टैक्स व पेनल्टी के रूप में वसूल किए हैं। जबकि बड़ी संख्या में दस्तावेज आदि जब्त कर अपने साथ इंदौर ले गए हैं। एसजीएसटी इंदौर की स्पेशल फ्लाइंग विंग(एईबी–बी) की टीम सोमवार दोपहर में तिलक मार्ग स्थित बर्तन व्यापारिक फर्म गायत्री बर्तन भंडार, श्री गायत्री बर्तन और एसएस बर्तन पर पहुंची थी। एसजीएसटी, इंदौर एईबी–बी (स्पेशल फ्लाइंग) ने असिस्टेंट कमिश्नर शिवनंदन तिवारी की अगुवाई में इंदौर, मंदसौर व नीमच के करीब 20 अधिकारी शामिल थे। टीम ने तीनों फर्मों की दुकानों और 9 गोदाम आदि सहित करीब 9 स्थानों पर एक साथ दबिश देते हुए सर्वे की कार्रवाई शुरू की थी। जो देर रात तक जारी रही और मंगलवारसुबह टीम तीनों फर्मों से खरीद–फरोख्त सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज जब्त कर अपने साथ लेकर तत्काल रवाना हो गई। फर्मों से जुड़े व विभागीय सूत्रों के अनुसार टीम ने तीनों फर्मों से 20 लाख रुपए से ज्यादा टैक्स व पेनल्टी के रूप में चेक के माध्यम से जमा करवाए हैं। जो दस्तावेज साथ ले गए हैं, उनकी स्क्रूटनी के बाद यह कर अपवंचन की राशि बढ़ सकती है। ( डीबी एप्प के सौजन्य से )

## गांजा तस्करों को ११-११ वर्ष का सश्रम कारावास।



किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले दो तस्कर (1) सुरेश पिता बेनीराम भट्ट, आयु–26 साल, निवासी–ग्राम रेवाड़ा बोरियापुरा, थाना बागोर, तहसील रायपुर, जिला–भीलवाड़ा (राजस्थान) व (2) राहुल पिता माधुलाल खारोल, आयु–27 साल, निवासी–ग्राम कालीमॅगरी गंगापुर, थाना गंगापुर, तहसील सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) को एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 की धारा 8/20 के अंतर्गत 11–11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,50,000–1,50,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि केंन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, नीमच में पदस्थ निरीक्षक नवनीत कुमार द्वारा अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के लिए निवारक दल का गठन किया गया था। इस निवारक दल द्वारा दिनांक 08.09.2022 को रात्रि लगभग 10:30 बजे नयागॉव रेल्वे क्रॉसिंग, नीमच–निम्बाहेड़ा रोड़ पर पहुंचकर नाकेबंदी की तो नीमच की तरफ से एक लाल रंग की संदिग्ध स्कोडा कार आती हुई दिखाई दी, जिसमें दोनो आरोपीगण बैठे हुवे थे। कार को घेराबंदी करके रोककर उसकी तलाशी लिये जाने पर कार की डिक्की में रखे 77 पैकेटों में कुल 169 किलोग्राम अवैध मादक पदर्थ गांजा को जप्त किया गया व आरोपीगण को भी गिरफ्तार किया गया। मौके की कार्यवाही कर विवेचना उपरांत परिवाद विशेष न्यायालय जावद में प्रस्तुत किया गया।विशेष लोक अभियोजक द्वारा न्यायालय में विचारण के दौरान विवेचक, जप्ती अधिकारी, फोर्स के सदस्यों सहित सभी आवश्यक गवाहों के बयान कराते हुवे आरोपीगण द्वारा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी किये जाने के अपराध को प्रमाणित कराते हुए उन्हें कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय विशेष न्यायालय द्वारा दोनो आरोपीगण को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा किया गया तथा अभियोजन के सफल संचालन में सुश्री प्रियंका गुर्जर, श्रीमती नीरा यादव अधिवक्तागण व इंटर्न भगत मालवीय का सक्रिय सहयोग रहा।

## नीमच कलेक्टर जैन न कहा बैंकों से संदेहजनक लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखें और सूचना प्राप्त करे ।



नीमच 2 अप्रैल 2024, बैंकों से निर्वाचन के दौरान संदेहजनक लेन देने पर कडी निगरानी रखी जाये और बडी राशि की निकासी एवं जमा करने की सूचना अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाये। नगदी का लेन देन या परिवहन पर भी निगरानी रखी जाये। मदिरा के उत्पादन, भण्डारण एवं वितरण आदि का भी अनुविक्षण किया जाये। यह निर्देश कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधि प्रवर्तन एजेन्सियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिए। इस मौके पर एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मीगामड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में पुलिस, आयकर, आबकारी, एसजीएसटी, सीजीएसटी,वन, रेल्वे एवं नारकोटिक्स आदि विभिगों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में उक्त सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्त्तर के मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार ने निर्वाचन व्यय पर प्रभावी निगरानी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तंत्र की संरचना, व्यय संवेदनशील पॉकेट, व्यय अनुवीक्षण सेल, पुलिस प्रेक्षक, खर्च संवेदनशील क्षेत्र,विवाह, समुदायिक भवनों में उपहार सामग्री, भोजन वितरण की जॉच टोकन के बदले उपहार, धन वितरण पर निगरानी, धार्मिक आयोजन, पूजा स्थानों, प्रथागत आयोजनों की निगरानी, किसी भी परिसर में नगदी या अन्य बहुमूल्य वस्तुओं की शिकायत पर उड़न दस्तों पीएसओपी, बैंकों से नगद निकासी का अनुवीक्षण, सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में पॉवर प्रजेटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

खबरों के लिए लोगिंग करे !
https://sbpatra.in/

## मध्यप्रदेश का मौसम करवट बदलने को, १० अप्रेल से पुरे प्रदेश मे बुदांबांदी ।

प्रदेश का यहा मौसम बदलाव हफ्ते भर तक रहेगा। बारिश के साथ ओलवृष्टि की भी सम्भावना




प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट– उज्जैन, सिवनी, मलाजखंड सहित राजधानी भोपाल में रविवार को दिन में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि सोमवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। दक्षिण–पश्चिमी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम में जो बदलाव और गरज–चमक व बूंदाबांदी का क्रम दिख रहा है, उसमें मंगलवार से और बढ़ोतरी हो सकती है। देश में 10 और फिर 13 अप्रैल को दो पश्चिमी विक्षोभ पहुंचने का अनुमान है, जिससे इस तरह की गतिविधियां आने वाले पूरे सप्ताह तक जारी रह सकती है।मौसम विभाग ने अनुमान व्यक्त किया है कि सोमवार को जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल संभाग के जिलों सहित भोपाल और सागर के कुछ इलाकों में गरज–चमक और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। कहीं–कहीं ओले गिरने की भी आशंका है। भोपाल समेत कई जिलों में हुई बूंदाबांदी, प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट – मौसम विज्ञानियों के अनुसार, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर–पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उत्तराखंड में एक द्रोणिका बनी हुई है। ओडिशा से लेकर विदर्भ, कर्नाटक, तमिलनाडु और मराठवाड़ा होते हुए कोमरीन तक एक द्रोणिका बनी है। इन प्रणालियों के अलावा दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से 10 अप्रैल से पूरे प्रदेश में बूंदाबांदी की गतिविधियां होंगी। इस दौरान ओलावृष्टि की आशंका भी बनेगी। प्रदेश में मंगलवार से मौसम का यह बदलाव बड़े हिस्से में दिखेगा, जो करीब पूरे सप्ताह तक चलता रहेगा।

**भोपाल समेत कई जिलों में हुई बूंदाबांदी, प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट – 10 अप्रैल से पूरे प्रदेश में बूंदाबांदी की होंगी। इस दौरान ओलावृष्टि की आशंका भी बनेगी। प्रदेश में मंगलवार से मौसम का यह बदलाव बड़े हिस्से में दिखेगा, जो करीब पूरे सप्ताह तक चलता रहेगा।**

## जावरा में एमडी मादक पदार्थ के साथ ९ आरोपी गिरफ्तार प्रेस वार्ता मे एसपी राहुल कुमार लोढा ने करा खुलासा

एसपी राहुल कुमार लोढा ने बुधवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसके तहत तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।
मुखबीर से सूचना मिली थी कि जावरा नगर स्थित उप जेल के पीछे वाले क्षेत्र में कुछ लोग मादक पदार्थ लेकर पहुंचे है। सूचना पर एएसपी राकेश खाखा, जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो, जावरा शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह जादौन के मागर्दशन मे एसआइ रघुवीर जोशी की टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपित 25 वर्षीय नितिन पुत्र प्रदीपसिह मीणा निवासी ग्राम होलीथडा डग जिला झालावाड़ 35 वर्षीय नदीम पुत्र अब्दुल कादर निवासी नाना साहब का मोहल्ला जावरा, 36 वर्षीय उमर पुत्र पुत्तन खाँ शेख निवासी ऊंटखाना जावरा तथा 62 वर्षीय शाकीर उर्फ मुर्गा पुत्र हमजा बक्श निवासी नाना साहब का बाग जावरा को गिरफ्तार कर उनके पास से 65 ग्राम एमडी मादक पदार्थ जब्त किया गया।

## बिजली चोरी की गुप्त सुचना देने वाले को २ लाख का पुरूस्कार



मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। योजना में वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत–प्रतिशत वसूली की गई थी। इस पर लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गई।

गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा. संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर बिल की राशि के 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।
योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना में क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिये कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी की जाती है। फर्म, एजेंसी, संगठन भी सूचनाकर्ता हो सकते है, जिन्हें कंपनी मुख्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराना आवश्यक है।

## बहन-भाई को मंदिर में मारी गोली फिर युवक ने खुद को किया शूट, एकतरफा प्यार का मामला

इन्दौर के स्वीमीनारायण मन्दीर का मामला , खण्डवा रोड स्थित अरीहंत कॉलेज का मामला ।

शहर में गुरुवार को एकतरफा प्यार में एक युवक ने एक लड़की–लड़के को गोली मारने के बाद खुद को गोली मार दी। मामला खंडवा रोड स्थित अरिहंत कॉलेज का है। घटना के बाद तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस की प्रारंभिक खबर के अनुसार, तीनों की मौत हो चुकी है। गोलीकांड के बाद मंदिर और कॉलेज में अफरातफरी के हालात बन गए थे। घटना दोपहर एक से दो बजे के बीच हुई।
पुलिस के अनुसार लड़की का नाम स्नेहा जाट निवासी जूनी इंदौर है। वह अपने आगर मालवा निवासी रिश्तेदार दीपक जाट के साथ मंदिर में दर्शन करने आई थी। गोली मारने वाले युवक का नाम फिलहाल इंदौर निवासी अभिषेक यादव पता चला है। दीपक स्नेह का मौसेरा भाई बताया गया है।
एकतरफा प्रेम का मामला बताया जा रहा
पुलिस के अनुसार मृतका के पिता से जानकारी मिली कि यह एकतरफा प्रेम का मामला है। मंदिर के पुजारी के अनुसार करीब आधे घंटे तक दोनों मंदिर में थे और जब जाने लगे तब यह घटना हुई। स्वामीनारायण मंदिर में पांच राउंड फायर हुए, जिसमें से एक मिसफायर हुआ। वहीं अरिहंत कॉलेज में युवक ने खुद को गोली मारी है, इसमें दो राउंड गोली चली है। पुलिस के अनुसार लड़की अपनी मौसी के लड़के के साथ मंदिर थी।एकतरफा प्रेम का मामला बताया जा रहा

### निर्वाचन सम्पन्न कराने मे विशेष अधिकारी होंगे नियुक्त ।

लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश को 28 मार्च को इस आशय की स्वीकृति दे दी गई है। आयोग द्वारा यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोकसभा निर्वाचन के लिये दी गई

## भगदड़ से कुएं में गिरने से दो कर्मचारियों की मौके पर मौत

दतिया। दतिया टोल प्लाजा पर बेखौफ बदमाशों ने कहर बरपाते हुए 15 मिनट तक दनादन फायरिंग कर डाली। फायरिंग की घटना से टोल प्लाजा के कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। इस भगदड़ से कुएं में गिरने से दो कर्मचारियों की मौके पर मौत हो गई। चिरुला थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर घटना घटना चिरुला थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर हुई। इसे कुछ बदमाशों ने अंजाम दिया। फायरिंग के कारण हुई भगदड़ में हरियाणा निवासी श्रीनिवास परिहार और शिवाजी कांडेले की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की बताई जाती है। चिरुला पुलिस बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही है। फायरिंग की घटना के बाद अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए।
फायरिंग की घटना सीसीटीवी में
जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर गोलीबारी की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान में जुटी है।

## सहेली के रूम में मिली शिवपुरी की लापता छात्रा

राजस्थान के कोटा से गायब शिवपुरी की छात्रा को इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने ढूंढ निकाला है। छात्रा और उसके दोस्त को देवगुराड़िया (खुड़ैल) के आगे इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के पास उसकी सहेली के रूम से बरामद किया गया है। सहेली इसी कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स कर रही है। मामले से एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि काव्या और हर्षित को बरामद कर लिया गया है। कोटा पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है। दोनों को कोटा पुलिस के हवाले किया जाएगा। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने ये भी बताया कि इन दोनों ने अमृतसर में काफी समय बिताया। इनके पास पैसा नहीं था तो एक गुरुद्वारा में रहे।
अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची
काव्या के परिजन ने उसे नीट की तैयारी करने कोटा भेजा था। पिता रघुवीर धाकड़ को 18 मार्च की दोपहर 3 बजे मोबाइल पर बेटी की किडनैपिंग का मैसेज आया था। बेटी के हाथ–पैर और मुंह बंधी फोटो भी भेजी गईं। कुछ फोटो में काव्या के चेहरे पर खून भी नजर आ रहा था। उसे जिंदा छोड़ने के एवज में 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। मैसेज भेजने वाले ने बैंक खाते की डिटेल भी भेजी थी।


## पुलिस ने राज्यमंत्री के बेटे की जमकर करी पीटाई ४ पुलिस कर्मी निलम्बित




शाहपुरा थाने में शनिवार देर रात 4 पुलिसकर्मियों ने स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान को जमकर पीटा। लॉकअप में बंद कर उसे बेल्ट, पट्टा और लात–घूंसों से मारा।
मंत्री के बेटे ने कहा– मैं हार्ट पेशेंट, दिल में छेद है हार्ट पेशेंट हूं। दिल में छेद है। डॉक्टरों ने साफ कहा है कि शराब पी, तो हार्ट नहीं बचेगा। मैं कैसे शराब पी सकता हूं। पुलिस ने मेरे साथ ऐसा बर्ताव किया। आम लोगों के साथ क्या करती होगी भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि मंत्री पुत्र की थाने में पिटाई की शिकायत मिली है। प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर चार पुलिसध्कर्मियों को सस्पेंड भी किया है। आगे जांच की जा रही है। मंत्री के बेटे ने कहा– मैं हार्ट पेशेंट, दिल में छेद है एमपी के मंत्री के बेटे ने दंपती को पीटा मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान नरेंद्र पटेल ने भोपाल के गुलमोहर इलाके में होटल संचालक दंपती और मीडियाकर्मी से मारपीट की। मामला शाहपुरा थाने पहुंचा। अभिज्ञान ने पुलिस से भी विवाद किया। राज्यमंत्री पटेल समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए।

# इजराइल जीत से एक कदम दुर सिजफायार हमास बंधको की रिहाई पर होगा

जंग ६ महीने से जारी है। इस मौके पर नेतन्याहू ने कैबिनेट मीटिंग की। कहा- हम जीत से बस एक कदम दूर हैं।



इजराइल जीत से एक कदम दूर–नेतन्याहू बोले– सीजफायर की एक ही शर्त, हमास सभी बंधकों को बिना शर्त रिहा करे
इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमास के खिलाफ जारी जंग में सीजफायर सिर्फ तभी मुमकिन है, जब वह सभी बंधकों को रिहा करे। नेतन्याहू ने दावा किया कि इजराइल इस जंग में जीत से महज एक कदम दूर है। इजराइल और हमास के बीच जंग 7 अक्टूबर इजराइल नहीं झुकेगाको शुरू हुई थी। तब हमास ने इजराइल में घुसकर हमला किया था। इसमें 1200 इजराइली नागरिक मारे गए थे और करीब 230 बंधक बना लिए गए थे। 100 से ज्यादा बंधक अब भी हमास के कब्जे में हैं।यह जंग 6 महीने से जारी है। इस मौके पर नेतन्याहू ने कैबिनेट मीटिंग की। कहा–हम जीत से बस एक कदम दूर

सीजफायर के लिए काहिरा में इंटरनेशनल मीडिएटर्स के जरिए बातचीत चल रही है। लेकिन, हमारा पक्ष बिल्कुल साफ है। हमास को पहले बंधकों को रिहा करना होगा। इसके बाद ही कोई बात होगी।

इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा- इजराइल डील के लिए तैयार है, लेकिन अगर कोई ये सोचता है कि हम सरेंडर कर देंगे तो यह उसकी भूल है। हमारे ऊपर इंटरनेशनल प्रेशर है। मैं इससे इनकार नहीं करता। अगर हम इसके सामने झुक जाते हैं तो इससे हमास को फिर ताकतवर होने का मौका मिल जाएगा। दुनिया को दबाव हमास पर डालना चाहिए, इजराइल पर नहीं'।

# चीन के खिलाफ AUKUS में जुड़ेगा जापान , ब्रिटेन के साथ हाईपरसोनिक तकनीक पर काम करेंगे

सदस्य देश साथ मिलकर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, हाइपरसोनिक, और साइबर तकनीकों पर काम करेंगे।

अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले संगठन में जल्द ही जापान की एंट्री हो सकती है। चीन का मुकाबला करने के लिए तीनों देश जल्द ही बातचीत शुरू करेंगे, जिससे जापान के सदस्य बनने का रास्ता खुल सके। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से इसकी जानकारी दी।
रिपोर्ट के मुताबिक, जापान को संगठन के पिलर 2 का हिस्सा बनाया जाएगा। संधि के तहत, सदस्य देश साथ मिलकर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, हाइपरसोनिक, ।और साइबर तकनीकों पर काम करेंगे। जापान के पहले पिलर का हिस्सा नहीं होगा, जिसका फोकसइस वक्त ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देना है।
अमेरिका बोला– चीन को रोकने में काम आएगा पनडुब्बी प्रोजेक्ट
अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्बेल ने बुधवार को कहा, AUKUS का पनडुब्बी प्रोजेक्ट ताइवान के खिलाफ चीन के किसी भी कदम को रोकने में मददगार रहेगा। हम अगले हफ्ते संगठन से जुड़ी अहम घोषणा कर सकते हैं।ß
रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को सदस्य के रक्षा मंत्री जापान को संगठन में शामिल होने की घोषणा कर सकते हैं।

# https://sbpatra.in/

# कच्चाथीवू पर भारत से कोई बात नही कच्चाथीवू लौटाने को कहा तो जवाब देंगे - श्रीलंकाई मंत्री

द्वीप वापस लेने की कोशिश जारी बीजेपी ,इंदिरा सरकार ने १९७४ में भारत का ये द्वीप श्रीलंका को दे दिया



श्रीलंका के मंत्री ने कहा है कि भारत ने अब तक कच्चाथीवू द्वीप को लेकर उनकी सरकार से कोई बात नहीं की है। द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में श्रीलंका के मंत्री जीवन थोंडामन ने कहा कि भारत ने कच्चाथीवू पर अधिकार लौटाने को लेकर उनसे कोई मांग नहीं की है। अगर भारत की तरफ से ऐसी कोई रिक्वेस्ट आई तो हम जरूर जवाब देंगे। दरअसल, तमिलनाडु के बीजेपी अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा था कि केंद्र सरकार कच्चाथीवू को वापस हासिल करने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। वहीं, न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक श्रीलंका की कैबिनेट में कच्चाथीवू को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। श्रीलंका के मंत्री का ये बयान उस वक्त आया है, जब सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत–श्रीलंका के बीच स्थित कच्चाथीवू द्वीप पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि इंदिरा सरकार ने 1974 में भारत का ये द्वीप श्रीलंका को दे दिया था।

# चीन ने अरूणाचल की ३० जगहों के नाम बदले अरूणाचल को फिर अपना हिस्सा बताया

तस्वीर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को साउथ तिब्बत कहता है और इसका नाम जांगनान बताता है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने इसकी जानकारी दी।
हांगकांग मीडिया हाउस साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, इनमें से 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता है। हालांकि, इन जगहों के नाम क्या रखे गए हैं, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। इन नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया।
पछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपनेनक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने



पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे।

# पाक पुर्व पीएम इमरान-बुशरा की सजा पर रोक



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले (तोशाखाना केस) में राहत मिल गई है। 'जियो न्यूज लाइव' के मुताबिक– इस केस में खान और पत्नी बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल, इस सजा पर इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हालांकि, खान को जेल में ही रहना होगा, क्योंकि उनको दो और मामलों में सजा सुनाई गई है।तोशाखाना केस में इमरान और बुशरा को 31 जनवरी को सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा गैरकानूनी तौर पर निकाह के मामले में दोनों को 7 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। सीक्रेट लेटर चोरी केस में खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है।
ईद के बाद सुनवाई
'डॉन न्यूज' के मुताबिक– सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आमिर फारूख ने कहा कि खान के खिलाफ इस मामले की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद दोबारा शुरू होगी। फिलहाल, इमरान अडियाला जेल में हैं, जबकि बुशरा को इमरान के बनीगाला वाले घर में रखा गया है। इस घर के एक हिस्से को जेल में तब्दील कर दिया गया है। यहां बुशरा सख्त निगरानी में रहती हैं।

# पाकिस्तान मे पेट्रोल के दाम बढे तीन सौ के पास पेट्रोल देश दिवालिया होने का पाक मंत्री

टेक्स चारी के कारण यह स्थिति बनी २८६ रूपए पेट्रोल - डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ



पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ का कहना है कि देश दिवालिया होने की कगार पर है। उन्होंने इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया है। उन्होंने कहा, खुदरा विक्रेता (रीटेलर) और थोक विक्रेता टैक्स देने से बच रहे हैं, ये देश के होल आर्थिक संकट का मुख्य कारण है। – इधर, पाकिस्तान की शाहबाज शरीफ सरकार ने पेट्रोल के दामों में भारी बढ़ोतरी की है।पेट्रोल के दाम 9.66 पाकिस्तानी रुपए बढ़कर 289.41 रुपए हो गए हैं। वहीं हाई–स्पीड डीजल 3.32 रुपए कम होकर 282.24 पाकिस्तानी रुपया हो गया है। नए रेट्स लागू भी कर दिए गए हैं।अंतरराष्ट्रीय कीमतों में बढ़ोतरी को वजह बताया
पाकिस्तानी मीडिया द डॉनश के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी पेट्रोल की कीमतें हैं। दरअसल, सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है और वैश्विक तेल की कीमतों के उतार–चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट 'जजचेरूध्ध्इचंजतंणपद्ध पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा